# महाशिवपुराण कथा में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी, कहा- जिसे ईश्वर की भक्ति मिली, उसे मुंह मांगी मुराद मिल गई

## कथाओं ने सांस्कृतिक व राजनीतिक एकता को मजबूत किया

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, रायबरेली :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ईश्वर की भक्ति जिसे मिली तो उसे मुंह मांगीं मुराद मिल गई। हनुमान जी को भक्ति मिली तो वह देवपूज्य हो गए। शिव की भक्ति भी हमें सार्थक बनाती है। मुख्यमंत्री रविवार को जनपद रायबरेली के ऊंचाहार में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में आए भक्तों के बीच अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस कथा के आयोजक योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ मनोज पांडेय हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि शिव एक ऐसे महादेव हैं, जिनके पवित्र ज्योतिर्लिंग हिमालय से लेकर रामेश्वर तक हैं। जो सांस्कृतिक एकता को दर्शाते हैं। शिव भक्ति से भारत की राजनीतिक सीमा के साथ एकात्मकता के दर्शन होते हैं। शिव की भक्ति जो तमिलनाडु में है, वही उत्तर प्रदेश में और गुजरात और महाराष्ट्र में भी एक ही भाव है। काशी, प्रयागराज हो, प्रदेश में कहीं भी हर जगह कथाओं के माध्यम से शिव भक्ति को आत्मसात किया जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये



कथाएं कंकड़ में शंकर का अहसास कराती हैं। शिव मंगल के लिए विष को धारण करते हैं। वह लोकमंगल के देवता हैं, जो नकरात्मक शक्तियों को खत्म करके लोककल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कथाएं चलती रहेंगीं तो सनातन का कोई बाल बांका नहीं कर सकता है। सकारत्मक वातावरण समाज व राष्ट्र की ताकत है। धर्म हमारी जीवन शक्ति है, इसमें केवल पूजा पाठ ही नहीं, इसे कर्तव्य व राष्ट्र भक्ति के साथ जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेशी आक्रांता जब हमारी धरती को रौंदते थे, तब भी हम कथा के माध्यम से सांस्कृतिक एकता को मजबूत करते रहे। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास के सामने नौ रत्न बनने का प्रस्ताव आया तो उन्होंने मना करते हुए कहा कि वह किसी विदेशी को राजा नहीं मान सकते, उनके एक ही राजा राम है। जब धर्म पर प्रहार होते रहे तो राम कथा के माध्यम से देश की एकता को जोड़ा गया। मुख्यमंत्री ने कहा रामलीला के माध्यम से सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया गया। इससे देश के आधार को मजबूत करते हुए समाज को शक्तिशाली बनाया गया। मुख्यमंत्री योग आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि जीवन में समरसता के लिए हम प्रयागराज को याद करते हैं,चेतना के लिए काशी, जीवन में भक्ति को मथुरा जाते हैं। यह हमारी थाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नैमिषारण्य में ज्ञान की पवित्र धारा को ऋषियों ने सुरक्षित किया। कथा के माध्यम से यह ज्ञान हम सभी तक पहुंच रहा है। इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यासपीठ पर पूजन करते हुए कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर कथा के आयोजक डॉ मनोज पांडेय ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री राकेश सचान, केंद्र सरकार के मंत्री बीएल शर्मा, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, एमएलसी उमेश द्विवेदी, विधायक अशोक कोरी सहित कई वरिष्ठ नेता व अधिकारी मौजूद रहे।

# ब्राह्मण सदैव राष्ट्र को सर्वोपरि रखता है, हमारी परंपरा समाज को देने की : बृजेश पाठक

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, गाजियाबाद :** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में रविवार को आयोजित ब्रह्म समागम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने ब्राह्मण समाज की गौरवशाली परंपरा, त्याग, समर्पण और राष्ट्रवाद को रेखांकित करते हुए समाज को एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का वहां मौजूद जन समुदाय से आह्वान किया।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ब्राह्मण सदैव राष्ट्र को सर्वोपरि रखता है। हमारी परंपरा समाज को देने की रही है। समाज निर्माण में ब्राह्मण समाज द्वारा दिए गए संस्कार आज भी नई पीढ़ी को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दधीचि जैसे तपस्वी ऋषि इसी त्याग और समर्पण की परंपरा के प्रतीक हैं, जिन्होंने अपनी अस्थियों तक का दान कर समाज और राष्ट्र कल्याण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज बिना किसी स्वार्थ और लालच के समाज कल्याण में विश्वास रखता



है। समाज को संगठित, संस्कारित और सुव्यवस्थित बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आसुरी शक्ति हमारे समाज को भ्रमित या विभाजित नहीं कर सकती। बुद्धि और विवेक से संपन्न इस समाज की रगों में त्याग और समर्पण की भावना कूट-कूटकर भरी है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ब्राह्मण समाज को अपनी गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए सामाजिक एकता, संस्कार और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने समाज की एकजुटता को समय की आवश्यकता बताते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम प्रारंभ से पहले उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेता एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्रा की धर्मपत्नी स्वर्गीय सत्यवती देवी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया और आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। कार्यक्रम के आयोजक आर.डी. शर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं समाज के गणमान्य लोगों का स्वागत किया। आर.डी. शर्मा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश से आए सभी ब्राह्मण समाज के लोगों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए ब्राह्मण समाज की एकजुटता का आह्वान किया।

इस अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा, विधान परिषद सदस्य सुनील भराला, नानक चंद शर्मा, अमरेश शर्मा, धर्मेंद्र भारद्वाज, लोकेश दीक्षित, आरती शर्मा (बागपत), आरती त्यागी, आदेश फौजी, प्रदीप शर्मा, सुनील शर्मा, महेंद्र दत्त शर्मा, पंकज मुद्गल, विशाल गोस्वामी, मनीष भार्गव, अंकुर शर्मा, विनय शर्मा सहित ब्राह्मण समाज के अनेक प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।

### भाजपा नेता कलराज मिश्र की पत्नी के निधन पर

# मुख्यमंत्री योगी समेत भाजपा नेताओं ने जताया शोक

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र की पत्नी सत्यवती मिश्रा के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक व प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी समेत पार्टी नेताओं ने शोक जताया है। निधन नोएडा के एक निजी अस्पताल में हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य, पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र की धर्मपत्नी का निधन अत्यंत दु:खद है। विनम्र श्रद्धांजलि। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व केन्द्रीय राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र की धर्मपत्नी सत्यवती मिश्रा के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने लिखा ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ राजनेता एवं पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र की धर्मपत्नी सत्यवती मिश्र के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। मेरी विनम्र संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्रीराम जी दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस संकट की इस घड़ी में शक्ति व धैर्य प्रदान करें।

## सीतापुर में शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, 10 वर्षीय मासूम की मौत

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर में मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के गोपलापुर गांव में रविवार सुबह 7 बजे बिजली के मीटर में शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया हादसे के दौरान घर में सो रहे 10 वर्षीय कृष्णा पुत्र कमलेश मौर्य की झुलसने से मौत हो गई।

घटना में कृष्णा की 40 वर्षीय मां गौरी और 17 वर्षीय बहन काजल भी गंभीर रूप से झुलस गईं। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग पर काबू पाने का प्रयास किया। दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ के रेफर कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि मीटर में शॉर्ट सर्किट होने से घर में आग लगी है ।

# सम्मेलन में भारत-नेपाल के व्यापारिक संबंध मजबूत करने पर हुई चर्चा

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, बलरामपुर :** उत्तर प्रदेश के जनपद बलरामपुर के नेपाल सीमा क्षेत्र कोइलाबास के देवखुरी में आयोजित व्यापारिक सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के बलरामपुर और श्रावस्ती जिलों के उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने अतिथि के रूप में सहभागिता की। इस दौरान भारत-नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में व्यापार को बढ़ावा देने तथा दोनों देशों के व्यापारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

देवखुरी उद्योग वाणिज्य संघ, लमही के आमंत्रण पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के श्रावस्ती जिलाध्यक्ष एवं बलरामपुर प्रभारी दीनानाथ गुप्ता, जिला महामंत्री राजेश रस्तोगी, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता, नगर मंत्री रवि गुप्ता और मीडिया प्रभारी महेंद्र द्विवेदी कार्यक्रम में शामिल हुए। इनके साथ तुलसीपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष रामकुमार कसौधन, उपाध्यक्ष घनश्याम कसौधन, महामंत्री श्याम सुंदर तथा कोषाध्यक्ष हिमांशु जिंदल भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में देवखुरी उद्योग वाणिज्य संघ की 13वीं कार्यकारिणी के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का नेपाल की स्थानीय सांस्कृतिक परंपरा के तहत ताज और मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया गया। समारोह के दौरान देवखुरी उद्योग वाणिज्य संघ के वर्तमान एवं निवर्तमान अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने दोनों देशों के व्यापारियों के बीच आपसी मेलजोल और सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। सीमावर्ती क्षेत्रों में व्यापारिक गतिविधियों को सुगम बनाने तथा व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता देने पर भी विचार-विमर्श हुआ।

आज रविवार सुबह कार्यक्रम से वापस लौटे तुलसीपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष रामकुमार कसौधन ने बताया कि कार्यक्रम में भारत और नेपाल के व्यापारियों के हितों से जुड़े विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि नेपाल के व्यापारियों ने भारतीय प्रतिनिधियों का सम्मान करते हुए भारत को बड़े भाई के समान बताया। दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्ते मजबूत होने से सदियों पुराने 'रोटी-बेटी' के संबंध और अधिक प्रगाढ़ होंगे। कार्यक्रम शनिवार को आयोजित हुआ था।

# गंगा का जलस्तर एक सेंटीमीटर घटा खतरे के निशान से 26 सेमी नीचे

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, कानपुर :** उत्तर प्रदेश के कानपुर में बैराज पर गंगा का जलस्तर रविवार को एक सेंटीमीटर घटकर 114.740 मीटर दर्ज किया गया। जलस्तर अभी भी चेतावनी बिंदु से 74 सेंटीमीटर ऊपर है, जबकि खतरे के निशान से 26 सेंटीमीटर नीचे बना हुआ है। शनिवार को बैराज पर अपस्ट्रीम जलस्तर 114.750 मीटर और डाउनस्ट्रीम जलस्तर 114.380 मीटर दर्ज किया गया था। आज अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम दोनों जलस्तर में एक-एक सेंटीमीटर की कमी आई। डाउनस्ट्रीम जलस्तर घटकर 114.370 मीटर पहुंच गया।

बैराज से पानी के डिस्चार्ज में भी कमी दर्ज की गई है। 4,20,691 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज हुआ, जो शनिवार के 4,21,854 क्यूसेक की तुलना में 1,163 क्यूसेक कम है। कानपुर बैराज पर चेतावनी बिंदु 114 मीटर और खतरे का निशान 115 मीटर है।

शुक्लागंज में गंगा का जलस्तर 113.120 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी बिंदु से 12 सेंटीमीटर ऊपर है। यहां खतरे का निशान 114 मीटर निर्धारित है। शनिवार को शुक्लागंज में जलस्तर 113.100 मीटर था, ऐसे में यहां दो सेंटीमीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

हरिद्वार बैराज से आज 81,135 क्यूसेक और नरोरा बैराज से 67,667 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज दर्ज किया गया।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि गंगा के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। संबंधित विभागों और अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं तथा बाढ़ प्रभावित और संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार निगरानी की जा रही है।

## आपका राशिफल 14 सितम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-4-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-2-3-७

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-3-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। शुभांक-3-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-1-3-4

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। पुराने मित्र मिलेगें। शुभांक-3-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेलजोल से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। शुभांक-3-6-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्यों में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगे। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-3-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-3-5

# पत्नी से विवाद के बाद डॉक्टर ने की आत्महत्या

## हेरिटेज अस्पताल के कमरे में मिला शव

**नईदुनिया ब्यूरो,वाराणसीः** वाराणसी में 40 वर्षीय एमएस डॉक्टर डॉ. शुभांकर गौतम ने शनिवार रात आत्महत्या कर ली। वह हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में यूरोलॉजिस्ट के पद पर कार्यरत थे। उनका शव अस्पताल परिसर स्थित कमरे में मिला। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, डॉ. शुभांकर शनिवार सुबह अस्पताल की ओपीडी में मरीजों को देखने के बाद अपने कमरे में चले गए थे।

शाम को उनका फोन पर पत्नी से विवाद होने की बात सामने आई है। इसके बाद वह अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर गए और वहां से इंजेक्शन व कुछ सीरिंज लेकर कमरे में लौट आए। कमरे का दरवाजा बंद कर उन्होंने इंजेक्शन लगा लिया।

रात करीब 10 बजे तक जब वह अस्पताल की मेस में खाना खाने नहीं पहुंचे तो साथी डॉक्टरों ने उन्हें फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद साथी डॉक्टर सुरक्षा गार्ड को लेकर उनके कमरे तक पहुंचे। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़ा गया। अंदर डॉ. शुभांकर का शव बेड पर बैठी हुई अवस्था में मिला।

मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच की। कमरे से सीरिंज और दवा की खाली शीशी मिली है।

दवा किस प्रकार की थी, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

डॉ. शुभांकर मूल रूप से बिहार के पटना के रहने वाले थे। उन्होंने एम्स से एमएस और एमसीएच की डिग्री हासिल की थी। उनकी पांच साल पहले शादी हुई थी और अभी कोई संतान नहीं है।

साथी डॉक्टरों के अनुसार, वह कुछ समय से परेशान चल रहे थे। पुलिस को अभी तक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## क्रिकेटर शमी के भाई पर दुष्कर्म का आरोप

**लखनऊः** क्रिकेटर मोहम्मद शमी के भाई मोहम्मद कैफ पर लखनऊ की एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। महिला का दावा है कि कैफ ने उससे शादी का वादा कर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। उसने बताया कि शादी का भरोसा मिलने के बाद उसने अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी।

महिला के अनुसार, वह दिल्ली की एक विमानन कंपनी में केबिन क्रू के रूप में काम करती थी। यात्रा के दौरान उसकी मोहम्मद कैफ से मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। महिला ने बताया कि उसने संबंध में आने से पहले कैफ को स्पष्ट कर दिया था कि वह तलाकशुदा है और उसका एक बेटा भी है। महिला का कहना है कि कैफ ने उसके अतीत और बेटे को स्वीकार करने की बात कहते हुए उससे शादी करने का भरोसा दिया था। इसके बाद उसने नौकरी छोड़ दी। महिला के मुताबिक, जब भी वह शादी की बात करती, कैफ उसे अपने पास बुलाता और फिर शारीरिक संबंध बनाता। महिला ने आरोप लगाया कि कैफ जिस भी शहर में होता, उसे वहां बुला लेता था।

# ग्राम पंचायत पुस्तकालय बने ग्रामीण युवाओं की सफलता का नया आधार

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, फिरोजाबाद :** पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित ग्राम पंचायत पुस्तकालय ग्रामीण युवाओं के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। कभी उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बड़े शहरों की ओर रुख करने वाले गांव के मेधावी युवाओं को अब अपनी ही ग्राम पंचायत में संसाधन- संपन्न और आधुनिक अध्ययन की सुविधा और वातावरण मिल रहा है, फिरोजाबाद में यह पहल न केवल ग्रामीण युवाओं के पलायन को रोक रही है, बल्कि सफलता की एक नई इबारत भी लिख रही है।

फिरोजाबाद के जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के विशेष प्रयासों से जनपद फिरोजाबाद में कुल 261 ग्राम पंचायत पुस्तकालयों की स्थापना की जा चुकी है, इन पुस्तकालयों में अध्ययन कर अब तक 85 से अधिक छात्र-छात्राओं का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस, सेना, अर्धसैनिक बलों एवं सरकारी व निजी सेवाओं में हो चुका है। ग्राम पंचायत कंथरी (अरांव) से अमित, दुष्यंत, मनीष, रनजीत



राजपूत, अश्विनी और प्रसू का चयन सी0आर0पी0एफ0, उत्तर प्रदेश पुलिस, भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना में हुआ।

इसी तरह ग्राम पंचायत नेपई (नारखी) से पृथ्वी सिंह का चयन भारतीय सेना में तथा गिरीश कुमार का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में हुआ। इसी तरह ग्राम पंचायत ववायन (हाथवंत) के अश्वनी कुमार व गौरव कुमार ने उत्तर प्रदेश पुलिस में सफलता पाई, ग्राम पंचायत सुरैल नगला कांक्षी व भेंड़ी (जसराना) से ज्योति शाक्य और शिवम कुमार का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में हुआ। सरकार का यह प्रयास महज किताबें उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि इन ग्राम पंचायत पुस्तकालयों को आधुनिक स्मार्ट क्लासेस से जोड़ा गया है, अब गांव का युवा महंगी कोचिंग फीस और शहर के भारी भरकम खर्च के बिना, अपनी ग्राम पंचायत में बैठकर सिविल सेवाओं, पुलिस, एस0एस0सी0 और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की उच्च स्तरीय तैयारी कर पा रहा है।

इस योजना के धरातल पर सफल क्रियान्वयन और युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा का मार्गदर्शन व सहयोग भी अनुकरणीय रहा है। उन्होंने बताया कि फिरोजाबाद की ग्राम पंचायतों में किताबों की रोशनी से शुरू हुआ यह सफर आज सैकड़ो परिवारों के जीवन में सामाजिक और आर्थिक बदलाव ला रहा है, यह ग्राम पंचायत पुस्तकालय आज केवल अध्ययन केंद्र नहीं है, बल्कि ग्रामीण उत्तर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का ऐतिहासिक दस्तावेज बन चुके हैं।

# 9.5 लाख भर्तियाँ हमारी सरकार ने कीं: योगी

## अंग प्रत्यारोपण इकाई और 40 बिस्तरों वाले आपातकालीन वार्ड का किया लोकार्पण

**नईदुनिया ब्यूरो, लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के छठे स्थापना दिवस समारोह में कहा कि उत्तर प्रदेश में इस समय करीब 16.5 लाख सरकारी कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें 9.5 लाख की भर्ती उनकी सरकार ने की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को समय से दस कदम आगे की सोच के साथ अपनी गति बढ़ानी होगी। मुख्यमंत्री ने संस्थान में अंग प्रत्यारोपण इकाई और आपातकालीन विभाग के 40 बिस्तरों वाले नए वार्ड का लोकार्पण किया।

योगी ने कहा कि संस्थान को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में काम करना चाहिए। इसके लिए चिकित्सकीय, शैक्षणिक और शोध के क्षेत्र में



उत्कृष्टता हासिल करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि संस्थान में 350 बिस्तरों का आघात उपचार केंद्र भी बनाया जा रहा है। संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि नई अंग प्रत्यारोपण इकाई से मरीजों को गुर्दा प्रत्यारोपण की सुविधा मिलेगी। यकृत और अस्थिमज्जा प्रत्यारोपण की तैयारी भी चल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के साथ मिलकर चिकित्सा उत्कृष्टता केंद्र विकसित करने का काम शुरू किया है। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में भी ऐसा केंद्र विकसित किया जा रहा है। चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में स्नातकोत्तर स्तर पर काम शुरू किया जा रहा है और प्रदेश में औषधि पार्क का निर्माण भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि बीमारियों का स्वरूप बदल रहा है, इसलिए उनके कारणों और उपचार के लिए उसी अनुरूप शोध करना होगा। चिकित्सा, औषधि, प्रौद्योगिकी, शोध और नवाचार को साथ लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। उपचार से जुड़े आंकड़ों को सुरक्षित रखना भी जरूरी है, क्योंकि भविष्य में इनका उपयोग स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास में किया जा सकेगा।

योगी ने कहा कि कोविड काल में क्षेत्रीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर जांच और जागरूकता अभियान चलाया था। इससे उत्तर प्रदेश में महामारी को नियंत्रित करने में सफलता मिली। उन्होंने कहा कि नेतृत्व, सीखने और खोज की प्रक्रिया साथ चलेगी, तभी कोई संस्थान उत्कृष्टता केंद्र बन सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में कुल 41 मेडिकल कॉलेज थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 81 हो गई है। एमबीबीएस की सीटें 4,690 से बढ़कर 13,600 और स्नातकोत्तर सीटें 3,564 से बढ़कर 5,067 हो गई हैं। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सकीय शिक्षकों की संख्या भी 1,247 से बढ़कर 2,300 से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत ढांचे और आधुनिक तकनीक के लिए संसाधनों की कमी नहीं होने दे रही है।

# ताजमहल को शिव मंदिर मानकर जोड़े हाथ

**आगरा:** आगरा में ताजमहल देखने पहुंचे कुछ पर्यटकों ने इसे मकबरा मानने से इनकार करते हुए शिव मंदिर बताया। मथुरा और राजस्थान के धौलपुर से आई कुछ महिलाओं ने ताजमहल को तेजो महालय बताते हुए मुख्य द्वार पर हाथ जोड़कर नमन किया। कुछ महिलाओं ने प्रवेश से पहले अपनी चप्पल भी उतार दीं।

मथुरा की कमलेश ने मुख्य द्वार पर हाथ जोड़कर धरती को छुआ और सिर झुकाकर प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह ताजमहल नहीं, बल्कि शिव मंदिर है। उन्होंने बताया कि जिस तरह मंदिर में जाकर हाथ जोड़कर और सिर झुकाकर नमन किया जाता है, उसी तरह उन्होंने यहां भी किया।

धौलपुर की बंटी देवी ने भी मुख्य द्वार पर हाथ जोड़कर सिर झुकाया और बम भोले के जयकारे लगाए। उन्होंने कहा कि यह उनका शिव मंदिर है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने सुना है कि ताजमहल के नीचे भोले बाबा हैं। बंटी देवी ने ताजमहल में प्रवेश से पहले अपनी चप्पल उतार दी।

ताजमहल को तेजो महालय शिव मंदिर बताए जाने का दावा ऐतिहासिक रूप से स्थापित तथ्य नहीं है। इस दावे को लेकर लंबे समय से विवाद और कानूनी लड़ाई चल रही है।

अखिल भारत हिंदू महासभा भी कई वर्षों से ताजमहल को तेजो महालय बताने का दावा करता रहा है। संगठन की ओर से अलग-अलग मौकों पर ताजमहल में पूजा, जलाभिषेक और अन्य धार्मिक गतिविधियां करने के प्रयास किए गए हैं।